हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री


किसान धनेश्वर ने कहा: नैनो डीएपी एवं यूरिया प्लस के ... 12


स्ट्रीट लाइटों का विधायक व नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ 12

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं.
5

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.C. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# प्लांट कर्मचारी की मौत के बाद परिजनों का प्रदर्शन, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मुढ़ैना स्थित स्टील प्लांट में हुई घटना के बाद तीन माह के इलाज के बाद प्लांट कर्मचारी रमेश कुमार जांगड़े (50 वर्ष) की मौत हो गई। जिसके बाद बुधवार को परिजनों ने शव को कंपनी के गेट पर रखकर मुआवजा, आश्रित को नौकरी और घटना के निष्पक्ष जांच की मांग की।

परिजनों के अनुसार प्लांट खुलने के दौरान से रमेश यहां कार्यरत रहे। 22 मार्च 2026 की रात ड्यूटी के दौरान मेटल गलाते समय एक अन्य कर्मचारी की लापरवाही के चलते गर्म मेटल के कण उनकी आंखों में गिर गए। इससे उन्हें गंभीर चोट आई थीं। परिजनों का आरोप है कि घटना की सूचना उन्हें तुरंत नहीं दी गई और कंपनी द्वारा हादसे को छिपाने का प्रयास किया गया।

## प्रशासन के प्रयासों से हुआ परिवारजनों और प्रबंधन के बीच सुलह समझौता

### तीन महीने चला इलाज, फिर हुई मौत

हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन ने रमेश को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिवार का आरोप है कि शुरुआत में उन्हें उचित इलाज नहीं मिला और कुछ दिन बाद ही उन्हें घर भेज दिया गया। बाद में स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन महीने तक चले इलाज के बाद 22 जून को उनकी मृत्यु हो गई।



### परिजनों के सामने भरण-पोषण का संकट

रमेश अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य था। उनके परिवार में उनकी पत्नी भानमती जांगड़े के अलावा तीन बेटियां और एक बेटा है। बच्चों की उम्र कम है और वे सभी स्कूली शिक्षा ले रहे हैं। रमेश की मृत्यु के बाद अब बच्चों की पढ़ाई और पूरे परिवार के भरण-पोषण का गंभीर संकट पैदा हो गया है। इसी कारण परिजन प्रबंधन से आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग कर रहे हैं।

**प्रशासन ने कराया सुलह** : घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ और तहसीलदार और स्थानीय थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन के साथ बातचीत शुरू की। देर शाम तक परिजनों और प्लांट प्रबंधन में सुलह हो गया।



## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब बरामद दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से देशी प्लेन शराब शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि रामबली गुप्ता अपने एनएच 353 रोड स्थित दुकान में सुरेश दास के साथ अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान रामबली गुप्ता के दुकान से 40 नग देशी प्लेन शराब एवं स्कूटी क्रमांक- सीजी 06 सीएच 8568 से 30 नग देशी प्लेन शराब कुल कीमत 5600 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी रामबली गुप्ता पिता सूर्यदेव प्रसाद गुप्ता (47 वर्ष) वार्ड नं 12 बागबाहरा थाना बागबाहरा और सुरेश दास पिता शत्रुघन दास (19 वर्ष) शंकर पारा हरनादादर थाना बागबाहरा के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शहर के इमलीभांठा में सूने घर से चोरी

**महासमुंद।** नगर के वार्ड नं. 10 इमलीभांठा में एक सूने मकान से चांदी के जेवर और नगद रकम की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 10 इमलीभांठा निवासी आशीष दीवान 16 जून को परिवार सहित सरायपाली गए हुए थे, जब वे 22 जून को वापस लौटे तो देखा कि बेडरूम की खिड़की टूटी हुई है, उसका ग्रिल का उखाड कर निकाल दिया गया है और कमरे में रखे आलमारी का दरवाजा को तोड़कर उसमें रखे 06 जोड़ी चांदी के पायल, 05 जोड़ी बिछिया, एक जोड़ी चांदी की चूडी कुल वजनी करीब 20 तोला कीमत करीबन 15000 रुपए तथा नगदी रकम 15000 रुपए कुल कीमत 30000 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 305(ए, 331(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**आयोजन:** समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

# रानी दुर्गावती और शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी समाज के शौर्य और साहस का प्रतीक : रामविचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिम जाति कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री रामविचार नेताम महासमुंद जिला मुख्यालय में आयोजित रानी दुर्गावती की 462वां शहादत दिवस एवं अमर शहीद वीर नारायण सिंह प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मंत्री रामविचार नेताम द्वारा बीटीआई रोड स्थित रानी दुर्गावती चौक में स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात मंत्री राम विचार नेताम द्वारा अटल परिसर में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आदिम जाति कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री राम विचार नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर अद्वितीय साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। वहीं वीर नारायण सिंह ने अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जनहित और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। रानी दुर्गावती और शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी समाज के शौर्य और साहस का प्रतीक है। हम सभी का दायित्व है कि इन महान विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं तथा समाज में एकता, समरसता, शिक्षा, विकास और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय योगदान दें।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शहादत दिवस पर रानी दुर्गावती के साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती ने अपने साहस, पराक्रम और अदम्य आत्मबल से इतिहास में अमिट स्थान बनाया। उन्होंने मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। वहीं वीरनारायण सिंह ने गरीबों, किसानों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आवाज बुलंद की। उनका बलिदान छत्तीसगढ़ की अस्मिता और गौरव का प्रतीक है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि गोड़वाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी दुर्गावती मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति आज भी समाज को प्रेरणा प्रदान करती है। इसी तरह वीर नारायण सिंह ने अंग्रेजी शासन के अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए गरीबों, किसानों और जरूरतमंदों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान छत्तीसगढ़ की गौरवशाली विरासत का अमूल्य अध्याय है।

पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और शहीद वीर नारायण सिंह अंग्रेजो के विरूद्ध लड़ाई लड़ी, दोनों ही आदिवासी समाज का गौरव है। इन विभूतियों ने अपने जीवन से आदर्श स्थापित किए, उनके विचारों और मूल्यों को अपनाकर ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीमख सिंह ठाकुर ने कहा कि आज गौरव का दिन है कि शहादत दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के महिलाएं एवं पुरूष एकत्र हुए है। हमारा समुदाय जल, जंगल और जमीन के रखवाले है। हम धरती से जुड़े लोग है।





### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी, औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर एवं आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के अध्यक्ष डेजी रानी नेताम सहित आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समुदाय की महिलाएं एवं पुरूष मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### इनकी भी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, मोनिका साहू, सतपाल सिंह पाली सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, आदिवासी समाज की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### अलग-अलग मामले में 83 लीटर महुआ शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले में आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान के तहत सरायपाली और तेंदूकोना थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 83 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 16 हजार 600 रुपए बताई गई है। मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, 22 जून को आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम छिर्रलिवा में एक व्यक्ति महुआ शराब बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर टीम ने गांव के पास स्थित शीशम पेड़ के समीप घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान छिर्रलिवा निवासी शिव कुमार चौहान (32) को मौके से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 80 लीटर महुआ शराब (कीमत करीब 16 हजार रुपए) बरामद की गई। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम बुंदेली में बिराजपाली मार्ग में बुंदेली निवासी अशवंत बंजारे (54) को बिक्री के लिए रखी गई 3 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। जब्त शराब की कीमत 600 रुपए बताई गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(ए) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। अभियान के तहत अब तक जिले में 9 हजार 296.355 लीटर अवैध शराब जब्त की जा चुकी है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 25 लाख 33 हजार 549 रुपए है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# लोमड़ी के हमले से दो महिलाएं घायल, क्षेत्र में दहशत

## खूंखार लोमड़ी को पकड़ने तथा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खूंखार लोमड़ी के सहसा हुए हमले से घायल दो महिलाओं में से एक को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घटना जिले के बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम सोनापुटी की है। मंगलवार को नदी नहाने जा रही महिलाओं पर हुए इस हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सोनापुटी निवासी 70 वर्षीय मनमत ठाकुर मंगलवार सुबह नदी में स्नान करने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठी एक खूंखार लोमड़ी ने अचानक उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वे संभल भी नहीं पाईं और लोमड़ी ने उनके सीधे हाथ को बुरी तरह घायल कर दिया।



मनमत ठाकुर की चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद 45 वर्षीय श्रीमती कृष्णी बाई साहू उसे बचाने दौड़ी, इस पर लोमड़ी ने कृष्णी पर भी हमला बोल दिया। हमले में कृष्णी बाई के चेहरे और हाथ में गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों के शोर मचाने और एकत्र होने के बाद किसी तरह लोमड़ी वहां से भाग गई। घायल दोनों महिलाओं को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद कृष्णी बाई साहू की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए महासमुंद रेफर कर दिया। घटना के बाद ग्राम सोनापुटी सहित आसपास के क्षेत्रों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई कर खूंखार लोमड़ी को पकड़ने तथा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शासकीय कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद एक शासकीय कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नयापारा वार्ड क्रमांक 6 निवासी गेंददास मानिकपुरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रायपुर निवासी रवि कुमार दुबे, जो वर्तमान में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास महासमुंद में भृत्य के पद पर कार्यरत है, ने उसे सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा देकर लाखों रुपये ले लिए।

शिकायत में बताया गया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से निकली भर्ती में चपरासी एवं भृत्य पद पर नियुक्ति कराने का प्रलोभन देकर आरोपी ने अलग-अलग किश्तों में राशि प्राप्त की। आवेदक के अनुसार 6 सितंबर 2022 को 60 हजार रुपये तथा 9 अक्टूबर 2022 को 52 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। इसके बाद दो माह पश्चात आरोपी को 3 लाख 88 हजार रुपये नगद दिए गए। इस प्रकार कुल 5 लाख रुपये आरोपी को सौंपे गए।

आवेदक का आरोप है कि निर्धारित समय में नौकरी नहीं लगने पर उसने फरवरी 2023 में आरोपी से संपर्क किया। इस दौरान आरोपी ने पैसे वापस लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में लगातार टालमटोल करता रहा। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि रकम वापस मांगने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देता था।

पीड़ित ने बताया कि उसने 7 जून 2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की थी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मामला जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां से जांच के निर्देश दिए गए।

महासमुंद थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक द्वारा की गई जांच में शिकायत के तथ्यों की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि आरोपी ने नौकरी लगाने के नाम पर शिकायतकर्ता से रकम प्राप्त की थी। मामले में प्रथम दृष्टया भारतीय न्याय संहिता की धोखाधड़ी से संबंधित धारा 420 के तहत अपराध घटित होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी रवि कुमार दुबे के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। अब पुलिस आर्थिक लेन-देन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

# चुहरी में एक परिवार का हुक्कापानी बंद, कलेक्टर से लगाई गुहार

## पौनी पसारी बंद करने से पूरा परिवार मानसिक सदमे में, हो रही आर्थिक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम चुहरी के एक संयुक्त परिवार ने ग्राम प्रमुखों, निषाद समाज प्रमुखों सहित लवन राज निषाद समाज क्षेत्रीय समिति के प्रमुख पदाधिकारियों पर गांव में पौनी पसारी, बातचीत, रोजी मजदूरी सहित सभी प्रकार से हुक्कापानी बंद करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। पीड़ित परिवार ने दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

कलेक्टर को सौंपे गए शिकायत पत्र में जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चुहरी निवासी सोहन लाल निषाद पिता लखन लाल निषाद ने बताया कि वे गांव कृषि मजदूरी एवं छोटा किराना एवं जनरल दुकान संचालित कर पूरे परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

उनका छोटा भाई रामेश्वर निषाद एवं उनकी चुड़ी पहनाकर बनायी गई पत्नी पूर्णिमा निषाद के बीच आपसी मन-मुटाव की निपटारा हेतु सामाजिक बैठक 28 अक्टूबर 2024 को गौरा चौक चुहरी में हुई। जिसमें समाज प्रमुख एवं ग्रामीणजन द्वारा विवाद को सुलझाने का प्रयास किया गया। किंतु, पति-पत्नी द्वारा अपनी-अपनी बातों पर अडिग रहने के कारण पति-पत्नी की विवादों का निपटारा नहीं हो पाया और विवाद को सुलझाने के बजाए ग्रामीणजन व समाज प्रमुखों द्वारा संयुक्त परिवार होने का हवाला देकर पूरे परिवार को पूरे गांव के समस्त गतिविधियों से पृथक कर दिया। तब से गांव में उक्त परिवार की सामाजिक बहिष्कार जैसे हालात हैं।

पीड़ित ने बताया कि रामेश्वर निषाद एवं पूर्णिमा निषाद के विवाद का मामला कुटुंब न्यायालय में लंबित है, जिसका निपटारा न्यायालय द्वारा किया जाना निश्चित है तथा न्यायालयीन कार्य में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। किंतु, गांव, समाज एवं निषाद समाज के जबरदस्ती न्यायालयीन मामला में हस्तक्षेप कर पूरे परिवार को परेशान किया जा रहा है। जिसके कारण परिवार में छोटे-छोटे, बालक-बालिका जो छात्र-छात्राएं है, जिससे मानसिक रूप से परेशान है और पढ़ाई-लिखाई तक बाधित होने की संभावना है।

स्थिति को देखते हुए गांव समाज एवं निषाद समाज में पुनः 14 जून को बैठक में पीड़ित ने आग्रह किया कि निवेदन किया कि रामेश्वर निषाद एवं पूर्णिमा निषाद का मामला न्यायालय में है, इसलिए उनको पृथक कर हमारे पूरे परिवार को ग्राम एवं समाज में मिलाने और प्रतिबंध को हटाने का गुजारिश की। किंतु, ग्राम प्रमुख भागीरथी ध्रुव, पवन यादव पिता दुर्जन यादव, दशरू राम निषाद पिता रामनाथ निषाद तथा समाज के अध्यक्ष कृष्ण कुमार निषाद पिता घसिया निषाद ग्राम खपरी जिला-बलौदाबाजार, उपाध्यक्ष चिंतामणि निषाद पिता दयालू राम निषाद ग्राम दतरेंगी, जिला-बलौदाबाजार, महामंत्री त्रिलोचन निषाद पिता विश्राम हरिशंकर निषाद पिता सतऊ निषाद, ग्राम कर्राडीह जिला-महासमुंद, सचिव निषाद ग्राम बम्हनी जिला-बलौदाबाजार द्वारा कोई निराकरण नही करते हुए पूरे परिवार को 02 साल से पृथक कर रखा गया है। पीड़ित ने उपरोक्त व्यक्तियों के खिलाफ अपराधिक मामला पंजीबंद्ध कर उचित कानूनी कार्यवाही तथा हुक्कापानी बंद करने के विरूद्ध अपराधिक मामला पंजीबद्ध कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN
2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### मुख्य मार्ग की लाइटें दुरस्त करने की मांग

**कोमाखान।** नगर के मुख्य मार्ग में सोलर लाइटें लगी है। ये लाइटें रेलवे क्रासिंग गेट से लेकर कोमाखान बस स्टैंड के मुख्य मार्ग से नर्रा कुलिया जाने वाले मार्ग पर लगाई गई। जिससे कोमाखान दुधिया रोशनी में रोशन हुआ। पर इधर कुछ दिनों से कई स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है। जिससे कहीं-कहीं अंधेरा है। यह स्थिति यहां लंबे समय से है। सुधार करने की मांग की गई। पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है तथा यहां वैसे भी भालूओं का आना-जाना रहता है। इसके चलते स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त करने की मांग नागरिकों ने संबंधित विभाग अथवा अधिकारी से की है।

### शराब पिलाने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** शराब पिलाने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पांडप बाघ ग्राम गढफुलझर ने बताया कि 24 जून की सुबह 08 बजे रामदयाल के घर के पास बैठा था, उसी समय गांव का भक्त पहलाद पिता शशि बाघ आया और उसे शराब पिलाने के लिए कहने लगा। जब प्रार्थी ने मना किया तब गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने कलाई में पहरने चूडा से सिर में मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### पुरानी रंजिश पर पीटा

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह में पुरानी रंजिश पर दो लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार ग्राम साराडीह निवासी मोनू उर्फ लोकनाथ चंद्राकर ने थाने में शिकायत की है कि वह 22 जून को अपनी कार से कुरुद गया था। रात करीब 8 बजे वापस गाँव आया। कार क्र. सीजी 04 क्यूए 9291 से गाँव के राजू साहू के घर के पास पहुँचा था तभी पुरानी रंजिश पर राजू और दीपक साहू ने कार पर पत्थर फेंककर मारा। पत्थर क्यों मार रहे हो कहने पर राजू व दीपक ने अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की।

# नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षक फेडरेशन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन विकासखंड महासमुंद ने नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी बंजारा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। यह कार्यक्रम प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श एवं जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर की उपस्थिति तथा ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने नए शिक्षा अधिकारी के साथ शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर



विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के पेंशन प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने, सेवा पुस्तिका का सत्यापन करने तथा वीएसके एप के उपयोग में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर करने की मांग रखी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बंजारा ने फेडरेशन की सभी जायज मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और शिक्षक हित में सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का पूरा विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से जिला संयोजक बीपी मेश्राम, जिला सचिव विनय यादव, राजेश चंद्राकर लव निर्मलकर, अजय बंजारे, बलराम नेताम, राजेश भालेराव, विजय राजपूत, पुरुषोत्तम चंद्राकर, मुकेश बैस, जितेंद्र साहू, निमेष दीवान सौरभ गुप्ता, डिगेश पुरैना, द्वारिका साहू सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन के पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित थे।



### केंद्रीय विद्यालय में हुआ प्रवेशोत्सव, छात्रों को बांटी गई लेखन सामग्री

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा पहली एवं बालवाटिका-3 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विद्यालय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत करना था। प्रवेश उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का लेखन सामग्री, पुष्प, तिलक एवं अभिनंदन पत्र प्रदान कर स्वागत किया गया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग की प्रधानाध्यापिका श्रीकांता एक्का ने स्वागत भाषण देते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने अपने आशीष वचनों में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रवेश शुभकामनाएं प्रदान करते हुए विद्यालय के उज्ज्वल शैक्षिक वातावरण से परिचित कराया। वंदना जौहरी द्वारा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। वहीं शिक्षिका नेहा तोमर ने कक्षा पहली के पाठ्यक्रम, गणवेश, शुल्क, परीक्षा प्रणाली एवं अन्य आवश्यक जानकारियों से अभिभावकों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रभात देवांगन एवं संतोषी साहू सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## आयोजन : प्रावीण्य सूची में आए समाज के युवाओं को किया गया सम्मानित

# धूमधाम से मनाई गई भगवान महेश नवमी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माहेश्वरी पंचायत, युवा संगठन, महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस पर महेश नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बाबा रामदेव मंदिर में भगवान महेश का अभिषेक, पूजन व महाआरती की गई। तत्पश्चात शासकीय जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। भलेसर स्थित गौशाला में गौवंशों को खिचड़ी भोग कराया गया।

शांतिनाथ जैन मंदिर में समाजजनों का सहभोज हुआ। तत्पश्चात मंचीय व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण हुआ। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के गोपाल दास बजाज रायपुर, राजू मुंदड़ा रायपुर, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के दीपक राठी, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, माहेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष पन्नालाल चांडक, सचिव पारस चांडक, माहेश्वरी महिला संगठन महासमुंद की अध्यक्ष ज्योति लड्ढा, सचिव चंदा टावरी, धमतरी जिला जोन के संरक्षक कस्तूरचंद राठी, धमतरी जिला जोन के उपाध्यक्ष द्वारकादास चांडक, माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष श्याम राठी, सचिव गौरव राठी, स्कूल शिक्षा विभाग महासमुंद के सहायक जिला शिक्षा अधिकारी आलोक चांडक, अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रवि राठी मंचस्थ थे।

### शहर में निकाली गई महेश की शोभायात्रा

रात्रि में भगवान महेश की शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर से निकाली गई। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल होकर बाजा-गाजा की धुन पर आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अपने कार्यकर्ताओं के साथ गांधी चौक में भगवान महेश की शोभायात्रा का स्वागत वंदन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप्ति चांडक एवं संध्या चांडक तथा आभार माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष श्याम राठी ने किया। समाजजनों का लक्की ड्रा निकाला गया, जिसमें विजेता संतोष राठी, प्रतीक राठी व मान चांडक रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान

सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारम्भ में भगवान महेश के तैलीय चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर महेश वंदना की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा द्वारा चलाए जा रहे समाजजनों के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। समाज के होनहार युवाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। यश चांडक को आईआईटी करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भाव्या राठी को 10वीं में 93 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। महेश नवमी पर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा नाइट क्रिकेट मैच कराया गया था। जिसमें विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया गया, जिसके कप्तान गौरव राठी थे। समाज के युवा माधव राठी, लवेश चांडक को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।



### गढ़पटनी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**बसना।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चों का विद्यालय में स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा अभिभावकों को बच्चों की नियमित शिक्षा के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत गढ़पटनी के सरपंच लक्ष्मी प्रसाद पटेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच रोशन पटेल तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवकी पटेल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं एवं उनकी माताओं का तिलक लगाकर तथा पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की माताएं ममता कैवर्त, सविता भोई एवं अगेश्वरी दास सहित अन्य अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं नवाचारी प्रयासों की सराहना की तथा बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने का संकल्प लिया। विद्यालय के शिक्षक लगन नाग एवं शिक्षिका खीरवंती भोई ने नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक सरविन्द सिदार ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, उपस्थित माताओं एवं समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय एवं समुदाय के संयुक्त प्रयासों से ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सकती है। शाला प्रवेश उत्सव के सफल आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।



### किड्स एजुकेशनल स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

**बसना।** नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस पर किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में शाला प्रवेश उत्सव बेहद धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के पहले दिन पहुंचे नए बच्चों का स्वागत किसी त्योहार की तरह किया गया, जिससे स्कूली परिसर किलकारियों से गूंज उठे। शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। यह बहुत हर्षो उल्लास बच्चों का तिलक गुलाल के साथ नया शिक्षासत्र 26-27 की शुरूआत हुई है। जिसमें आरके दास के मार्गदर्शन में शाला प्रवेश मनाया गया। जिसमें ग्राम के समस्त ग्रामवासी एवं सभी पालकगण सम्मिलित हुए। प्राचार्य भगवती जगत ने सभी बच्चों को तिलक, आरती एवं मिठाई खिलाकर साथ स्वागत किया। साथ में उपस्थित उपप्राचार्य नंदनी प्रधान, उषा बीसी, हसीना बेगम, आरती नाग, शबनम जौहरी, संगीता बारिक, परमानंद पटेल, गणेश सिदार का सहयोग रहा।

### सल्डीह के 15 परिवार उत्कल ब्राह्मण समाज की मुख्यधारा से जुड़े

# सदस्यता अभियान को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा द्वारा चलाए जा रहे द्वितीय चरण के सदस्यता अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने तथा समाजजनों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समाज की टीम ने पौराणिक महत्व वाली सुरगी नदी के उद्गम स्थल ग्राम सल्डीह का दौरा किया।

ग्राम सल्डीह में निवासरत विप्र बंधुओं से संपर्क स्थापित करने के लिए आयोजित बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सहभागिता की। मिनीकेतन दास एवं उग्रसेन दास के नेतृत्व में स्थानीय विप्रजन बड़ी संख्या में गौरीशंकर दास के निवास पर एकत्रित हुए, जहां सामाजिक एकता, संगठन की गतिविधियों एवं सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात ग्राम सल्डीह के 15 परिवारों ने उत्साहपूर्वक उत्कल ब्राह्मण समाज की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों का विधिवत सदस्यता प्रपत्र भरवाया गया तथा निर्धारित



सदस्यता शुल्क की रसीद भी प्रदान की गई। बैठक में जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक शाखा संरक्षक पीसी त्रिपाठी, ब्लॉक शाखा अध्यक्ष यूके दास, ब्लॉक शाखा सचिव अरुण कुमार देवता तथा ब्लॉक शाखा संरक्षक एवं जिला सलाहकार मंडल सदस्य प्यारेलाल मिश्रा उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने समाज की नीतियों, उद्देश्यों एवं भावी गतिविधियों की जानकारी देते हुए समाजजनों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि अब तक उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा में कुल 115 परिवारों की सदस्यता विधिवत पूर्ण हो चुकी है, जो संगठन की बढ़ती मजबूती का संकेत है।

### नव-सदस्य बने परिवार

मिनीकेतन दास, उग्रसेन दास, विवेका सतपथी, श्रीवत्स दास, पीतांबर दास, जगन्नाथ दास, गौरीशंकर दास, राधेश्याम दास, संतोष पंडा, प्रकाश पंडा, सुकदेव पंडा, श्रवण दास, किशोर दास, कृष्णा कुमार पाणिग्राही एवं भूपेंद्र पंडा। कार्यक्रम के अंत में पी.सी. त्रिपाठी ने सभी उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया। भगवान परशुराम के जयघोष के साथ बैठक का समापन हुआ। संपर्क एवं सदस्यता अभियान की टीम आगामी दिनों में कटंगतराई, शंकरपुर एवं पेंड्रावन गांवों का दौरा कर विप्र समाज के लोगों को सदस्यता ग्रहण करने हेतु प्रेरित करेगी।



### प्रधान पाठक व संकुल समन्वयकों की हुई विभागीय समीक्षा बैठक

**सरायपाली।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव और विभागीय समीक्षा के लिए संकुल केंद्र केंजुवां, केना, केंदूढार, कनकेवा, मंदिर सरायपाली, झिलमिला, कन्या सरायपाली, किसड़ी, कलेण्डा (तोरे), तोषगांव के कुल 66 प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के प्रधान पाठकों और संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक स्वामी विवेकानंद स्कूल केंजुवां में बीईओ टीकम चंद पटेल, बीआरसी देवानंद नायक, प्राचार्य सीएल पुहूप की अध्यक्षता में हुई। अपार आईडी के लिए फार्म जमा करने, आधार विहीन बच्चों के पालकों से संपर्क कर आधार कार्ड बनवाने, ड्राप आउट बच्चों का पता कर शत प्रतिशत स्कूलों में दाखिला दिलाने, वीएसके में बचे सभी शिक्षकों का पंजीयन कर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने, सभी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 80 प्रतिशत दर्ज करने, 0-18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों की सर्वे की जानकारी, शाला प्रबंधन विकास समिति के गठन की जानकारी और अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर शाला प्रवेश उत्सव में पालकों, शिक्षकों की उपस्थिति के लिए निर्देशित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक केंजुवां भोलानाथ ने किया।

### चूड़ा से माथे पर वार

**महासमुंद।** स्थानीय छिपियापारा में कार तेज चलाने से मना करने पर युवक पर चूड़ा से हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिपियापारा वार्ड-09 निवासी सोनू यादव ने पुलिस को बताया कि 22 जून की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने घर के सामने में परिवार के साथ बैठा था। उसी समय मोहल्ले के मोहन यादव मेटाडोर को तेज गति से चलाते हुए मेरे घर के पास लाकर खड़ा कर दिया। वाहन तेज गति से क्यों चला रहे हो कहा, तो मोहन ने तू कौन होता है मना करने वाला कहते हुए अश्लील गालियां देते हुए जान से मार दूंगा कहकर हाथ में पहन चूड़ा से माथे पर वार कर दिया। बीच-बचाव करने बहन सुमन यादव आयी तो उससे भी मारपीट की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी मोहन यादव के विरूद्ध 115(2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# छात्रों को बताया जीवन में पुस्तक का महत्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में समस्त छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय में पुस्तक वाचन, अखबार वाचन एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों से उपयुक्त विषयवस्तु का अनिवार्य रूप से लेखन करने के बारे में बताया और इसे अपने जीवन में अपनाने कहा। पुस्तकालय के बारे में विस्तृत जानकारी व्याख्याता परस राम सिन्हा ने दी।

पुस्तकालय के जनक डॉक्टर एसआर रंगनाथन द्वारा बताए गए पुस्तकालय विज्ञान के पांच सूत्र पुस्तकें उपयोगार्थ है, प्रत्येक पुस्तक को उसका पाठक मिले, प्रत्येक पाठक को उसका पुस्तक मिले, पाठक का समय बचे, पुस्तकालय एक वर्धनशील संस्था है के बारे में बताया और पुस्तकालय के ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए कहा। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, नीलू सोनी ने भी पुस्तकालय के इतिहास से अवगत करवाया। आभार प्रदर्शन व्याख्याता रवि प्रकाश पात्रे ने किया। इस अवसर में भोजराम ध्रुव, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे, सहायक शिक्षक देवानंद चंद्राकर, उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश कुमार साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पिकअप की टक्कर से दो घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 भंवरपुर रोड मोड़ के पास पिकअप की टक्कर से बाइक में एक बच्चे सहित दो लोग घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि डायल 112 में को 22 जून को एनएच 53 रोड भंवरपुर रोड मोड़ के पास एक्सीडेंट की सूचना मिलीथी। मौके पर पहुंचकर देखा एक व्यक्ति एवं करीबन 5 साल का लड़का घायल अवस्था में हैं। नाम पूछने घायल व्यक्ति ने अपना नाम बाबूलाल भोई एवं बच्चे का नाम आर्यन प्रधान होना बताया। घटना को लेकर बताया गया कि मोटर सायकल चालक अपने साइड में बसना से सरायपाली की ओर जा रहा था, इसी दौरान बोलेरो पिकअप टीआर नं एमएच 47 सी 0003 टीसी 2378 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते हुए मोटर सायकल को पीछे ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

प्रवेश प्रारंभ : 2026-27 | SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS | ADMISSIONS OPEN: 2026-27

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

**प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता**



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस( ऑनर्स ) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जाँच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

**ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है**
**पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक**

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनियों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
• BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) • B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
• B.Tech Agri. • B.Sc. Agri.

**Law**
• B.A. LLB • LLB
• B.Com LLB • LLM

**Engineering**
M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
• CSE • Civil
• ET&T • Mechanical
• Electrical
(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

**Education**
• D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

**Public Health**
• MPH (Master of Public Health)

**Rural Studies**
• Bachelor (BRS) • Master (MRS)

**Physical Education**
• Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
• Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

**Social Work**
• Diploma (DSW) • Bachelor (BSW) • Master (MSW)

**Pharmacy**
• D. Pharma • B. Pharma
• M. Pharma

**Science**
• B.Sc (Hons)/M.Sc
• Forensic Science • Chemistry • Maths
• Computer Sceince • Physics • Zoology
• Animation & Visual Effects • Botony
• Microbiology • Biotechnology
• Home Science • IT

**Arts/ Commerce & Management**
• BBA • MBA
• Hospital Mgt. • Financial Mgt
• Marketing Mgt. • Human Resource Mgt.
• B.A.(Hons)/ M.A
• Psychology • English • Sociology
• Yoga • Hindi • Sanskrit • Economics
• History • Geography • Political Science
• B.Com.(Hons) • M.Com
• B.Stat • M.Stat
• DCA • BCA • PGDCA

**Library Science**
• M.Lib • B.Lib • D.Lib

**Diploma Courses (1year)**
• Forensic Science • Digital Marketing
• Yoga Science • Nutrition & Dietetics
• Interior Design • Multimedia & Graphic Animation
• Fashion Design
• Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''**

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिसमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

**PLACEMENT SELCTION 2026**



TOP RECRUITERS: WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com



**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
Day Boarding School
ADMISSIONS OPEN
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ: • उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • अनुभवी शिक्षक • आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग • छात्रवृत्ति की सुविधा • हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 30 से शुरू

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की तिथियां और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। आयोजित प्राक्चयन परीक्षा की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) और प्रतीक्षा सूची के आधार पर चयनित छात्रों के लिए यह काउंसिलिंग 30 जून 2026 से शुरू होने जा रही है। काउंसिलिंग का कार्यक्रम विकासखंड एवं जिला स्तर पर 30 जून, 1 जुलाई और 2 जुलाई 2026 को आयोजित होगा, राज्य स्तर पर 3 जुलाई 2026 तथा विशेष पिछड़ी जनजाति एवं विशेष आरक्षित वर्ग के लिए 4 जुलाई 2026 को तथा आरक्षित दिवस पर 6 जुलाई 2026 को उन अभ्यार्थियों के लिए काउंसिलिंग किया जाएगा, जो 30 जून से 4 जुलाई के बीच किसी कारणवश काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो पाए। काउंसिलिंग प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक चलेगी। काउंसिलिंग संबंधित जिलों में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में मूल निवास प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, कक्षा 5वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र शामिल है। समिति ने बताया है कि यदि कोई अभ्यर्थी 30 जून से 6 जुलाई के बीच आरक्षित दिवस के अलावा किसी अन्य दिन भी उपस्थित होता है, तो उसे किसी भी स्थिति में काउंसिलिंग से वंचित नहीं किया जाएगा। मेरिट सूची में शामिल सभी अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को दूरभाष, एसएमएस, पंजीकृत डाक और विद्यालय/कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से काउंसिलिंग की अग्रिम सूचना दी जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद राज्य स्तर से विद्यार्थियों को ऑनलाइन विद्यालय आबंटित किए जाएंगे।



धान की गुणवत्ता और उत्पादन में हुई वृद्धि

# किसान धनेश्वर ने कहा: नैनो डीएपी एवं यूरिया प्लस के उपयोग से खेती की लागत में आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान अब कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह विकासखंड पिथौरा के ग्राम सलडीह के प्रगतिशील किसान धनेश्वर साव जिन्होंने अपनी धान की फसल में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग कर बेहतर परिणाम हासिल किए हैं।

साव ने बताया कि उन्होंने बीज उपचार से लेकर पौध उपचार और फसल की वृद्धि अवस्था तक नैनो उर्वरकों का नियमानुसार प्रयोग किया। इसके परिणामस्वरूप धान की फसल अधिक हरी-भरी, स्वस्थ एवं मजबूत विकसित हुई। फसल में रोग एवं कीटों का प्रकोप भी अपेक्षाकृत कम देखने को मिला, जिससे अतिरिक्त कीटनाशकों की आवश्यकता कम हुई और खेती की लागत में कमी आई। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों को अन्य उपयुक्त कीटनाशकों के साथ मिलाकर छिड़काव करने से समय और मजदूरी दोनों की बचत हुई। इससे कृषि कार्य अधिक सुविधाजनक और किफायती बन गया। फसल की गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिला, जिससे बेहतर उत्पादन की उम्मीद बढ़ी है।

साव ने धान की बुवाई से पूर्व बीजों का नैनो डीएपी से उपचार किया। इसके लिए प्रति किलोग्राम बीज में 5 एमएल नैनो डीएपी का उपयोग किया गया। वहीं रोपाई से पहले पौधों की जड़ों को नैनो डीएपी घोल में उपचारित किया गया। फसल की 30 से 35 दिन की अवस्था में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस का संयुक्त छिड़काव किया गया, जबकि दूसरा छिड़काव फूल आने से पहले पोटरी पानी अवस्था में नैनो यूरिया प्लस से किया गया। इन उपायों से फसल को आवश्यक पोषक तत्व समय पर प्राप्त हुए और पौधों की वृद्धि बेहतर हुई। प्रगतिशील किसान धनेश्वर साव का अनुभव क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार नैनो उर्वरकों का संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग न केवल उत्पादन बढ़ाने में सहायक है, बल्कि उर्वरक उपयोग दक्षता में वृद्धि कर खेती की लागत भी कम करता है। अधिकांश कीटनाशकों के साथ इनका मिश्रण संभव है, जिससे श्रम और समय की बचत होती है। हालांकि कॉपर युक्त कीटनाशकों एवं फफूंदनाशकों के साथ इनका उपयोग नहीं करना चाहिए।

### सुविधा : नगर में दूधिया रोशनी से बढ़ी सुरक्षा, मिलेगी सुविधा

# स्ट्रीट लाइटों का विधायक व नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लोहिया चौक से स्टेशन रोड एवं एकता चौक से इमलीभाठा तक नवीन स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ किया गया। इस कार्य का लोकार्पण महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा प्रकाश व्यवस्था शहर की सुरक्षा और विकास का आधार है। इन नई स्ट्रीट लाइटों से रात के समय आवागमन सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा, नगर वासियों की सुरक्षा और सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है। अंधेरे के कारण जिन मार्गों पर असुरक्षा का माहौल था, वहां अब दूधिया रोशनी से उजाला होगा। यह केवल लाइटें नहीं, बल्कि विश्वास और विकास का प्रतीक हैं। जनता ने जो भरोसा हम पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की विशेष पहल पर शहर के विभिन्न मार्गों में स्ट्रीट लाइट लगने से सड़कें दूधिया रोशनी से जगमगा रही हैं। पहले जहां रात के अंधेरे में सन्नाटा पसरा रहता था, अब वहां बच्चे क्रिकेट व बैडमिंटन खेलते दिखाई देते हैं। रात में महिलाएं अपने परिवार के साथ वॉकिंग करती हैं। शहरवासियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार प्रयासरत हैं। इस नई प्रकाश व्यवस्था से नगरवासियों को बेहतर सुरक्षा, सुगम यातायात और रात्रिकालीन गतिविधियों में सुविधा प्राप्त होगी। नगर पालिका महासमुंद शहर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापतिगण जय कुमार देवांगन, जितेंद्र ध्रुव, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षदगण हरबंश सिंह ढिल्लो नानू भाई, माखन पटेल, नीरज चंद्राकर, पीयूष साहू, माधुरी धनीराम यदु, राहुल आवड़े, बड़े मुन्ना देवार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर किया गया सबसे बड़ा प्रहार

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अमित साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिक स्वतंत्रताओं पर सुनियोजित हमला था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का हवाला देते हुए संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर देश पर आपातकाल थोप दिया, जबकि उस समय देश में न तो युद्ध की स्थिति थी, न कोई सशस्त्र विद्रोह और न ही किसी प्रकार का बाहरी आक्रमण हुआ था।



भाजपा नेताओं ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के चुनाव को निरस्त किए जाने और उनकी लोकसभा सदस्यता पर प्रश्नचिह्न लगने के बाद अपनी सत्ता और कुर्सी बचाने की मंशा से यह कदम उठाया गया। न्यायपालिका से मिली चुनौती के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने के बजाय सत्ता के संरक्षण के लिए पूरे देश को आपातकाल की बेड़ियों में जकड़ दिया गया। यह एक डरी हुई सरकार और भयभीत प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की रणनीति थी, जिसे लोकतंत्र और संविधान की कीमत पर लागू किया गया।

अमित साहू ने कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद ग्रहण किया था, उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को एक झटके में तानाशाही की ओर धकेल दिया गया। शासन-प्रशासन की पूरी व्यवस्था को सत्ता के इशारों पर चलने वाली कठपुतली बनाने का प्रयास किया गया तथा असहमति की हर आवाज को दबाने का षड्यंत्र रचा गया। आपातकाल के दौरान कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका जैसे लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को सत्ता के दबाव में लाकर उनकी स्वतंत्रता को प्रभावित किया गया। नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए और लाखों लोगों को बिना किसी अपराध के जेलों में डाल दिया गया। विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्र नेताओं और लोकतंत्र समर्थकों को केवल इसलिए प्रताड़ित किया गया क्योंकि उन्होंने सत्ता के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता पर भी अभूतपूर्व हमला किया गया। समाचार पत्रों पर कठोर सेंसरशिप लागू की गई, कई बड़े अखबारों की बिजली तक काट दी गई। ताकि, वे सरकार के विरुद्ध कोई समाचार प्रकाशित न कर सकें। पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंट दिया गया। पूरे देश में भय, दमन और असहिष्णुता का वातावरण निर्मित कर लोकतंत्र को बंधक बना लिया गया था।

भाजपा नेताओं ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख सहित हजारों लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान के कारण देश में पुनः लोकतंत्र की स्थापना संभव हो सकी। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र की रक्षा का प्रेरणास्रोत है। आपातकाल केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव जागरूक और सजग रहने की चेतावनी है। भारतीय जनता पार्टी संविधान, लोकतंत्र और नागरिक स्वतंत्रताओं की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा आपातकाल की 51वीं बरसी पर सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करती है।

# शासकीय प्राथमिक शाला धुमाभांठा में प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला धुमाभांठा में सत्र 2026-27 शाला प्रवेश उत्सव एवं शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन- अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कक्षा पहली में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवा कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण भी किया गया।

नए शिक्षा सत्र में शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सविता पटेल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया और केशव साव को उपाध्यक्ष चुना गया, सचिव नीरज कुमार दास (प्रधान पाठक), कोषाध्यक्ष विवेकानंद दास (सहायक शिक्षक), पंचायत प्रतिनिधि नेहा कानूनगो (सरपंच), शिक्षाविद् आदित्य रंजन कानूनगो, सदस्यगण धनकुँवर भैना, निर्मला नायक, पूनम पटेल, सावित्री चौहान, लक्ष्मी भैना, सुशीला चौहान, टिकेलाल चौहान मांगसिंह खुटे, अशोक राणा, मदन पटेल आदि शामिल है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गोपाल चौहान, रामलाल खुटे, नरेंद्र कुमार राणा, खगेश्वर पटेल, गर्जन, नीरा बाई भैना, हेमकुमारी पटेल, हेमकुमारी नायक, चंद्रमा, शकुन, उषा खुटे, रामबाई पटेल, तारा चौहान (शिक्षा दानी), जलसिंह खुटे (सफाई कर्मी) तथा रसोइया द्वय रजनी पटेल, पूर्णिमा भैना आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कानूनगो ने बच्चों को गृहकार्य करवाने और मोबाइल से दूर रखने के लिए पालकों से निवेदन किया। शाला के विकास के लिए भरपूर सहयोग करने की बात कही। प्रधान पाठक नीरज कुमार दास ने धन्यवाद ज्ञापित कर विद्यालय के सभी कठिनाईयों को सुलझाने के लिए भरपूर प्रयास करने का आश्वासन दिया। संचालन शिक्षक विवेकानंद दास ने किया।

## मातेश्वरी जगदंबा का 61वीं पुण्यस्मृति दिवस मनाया

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की आधारशिला एवं प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 61वीं पुण्यस्मृति दिवस स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में मनाया गया। ब्रम्हाकुमारियों और पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर मातेश्वरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके समान बनने की प्रतिज्ञा ली। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने मातेश्वरी के नाम परमात्मा शिव को भोग स्विकार कराया, ध्यान साधना और पिता परमात्मा की याद से वातावरण अलौकिक अनुभव हुआ। 24 जून 1965 को संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू के पांडव भवन परिसर में मातेश्वरी ने अपने नश्वर देह का त्याग किया था। आज के दिन संस्थान इसे आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाता है, उम्र में सबसे छोटी होने के बाद भी पूरा ईश्वरीय परिवार के हरेक सदस्य को एक बच्चे की तरह पालना देने के कारण सभी प्यार से उन्हें मम्मा कहकर पुकारते थे, उनका जीवन त्याग तपस्या वात्सल्य और ज्ञान की साक्षात प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा के राजयोग की शिक्षा को अपने जीवन में ऐसे धारण किया, जो सारा संसार आज उन्हें ज्ञान की देवी सरस्वती और जगदंबा मां मानकर उनकी पूजा करता है। उनका जीवन सादगी गंभीरता और दिव्य गुणों से भरपूर रहा।



## आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ मोबाइल मेडिकल यूनिट

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन को आधुनिक सुविधाओं के साथ अपडेट किया गया है। वाहन में आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों एवं सुविधाओं को और बेहतर बनाया गया है, जिससे नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज ने बताया कि अद्यतन एमएमयू वाहन के माध्यम से शहरी क्षेत्रों की स्लम बस्तियों एवं वार्डों में पहुंचकर नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवा वितरण की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वाहन में उपलब्ध नई सुविधाओं से मरीजों को अधिक बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। अद्यतन एमएमयू वाहन के संचालन से योजना की प्रभावशीलता में वृद्धि होगी तथा अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ मिल सकेगा। एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुंचने वाले एमएमयू वाहन का लाभ लेकर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुविधाओं का लाभ उठाएं।



## विश्व हैंडबॉल दिवस पर खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** 23 जून को विश्व हैंडबॉल दिवस पर जिला हैंडबॉल संघ के फ्लड लाइट ग्राउंड में सभी पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों द्वारा केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ग्राउंड में पहुंचकर अपनी ओर से सभी खिलाड़ियों को विश्व हैंडबॉल दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के सीनियर एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों के बीच एक शो मैच खेला गया। जिसमें विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ के रूपेश महिलांग, टिकेश्वर साहू, मनीष चंद्राकर, कौनैन अहमद, प्रशांत, विवेक दास, सागर यादव, आदित्य चंद्राकर, सिपेतन रजा, सोनू सोनी, अक्षत स्वामी, लोकेश साहू, मयंक कोसरे, दीपक बंजारे, सिद्धार्थ, पंकज आदि उपस्थित थे।

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| सरायपाली | 3 पद | वेतन |
| पिथौरा | 2 पद | 12000/- |
| बागबाहरा | 4 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद मो. 9981131365
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय : तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने आपातकाल की 51वीं बरसी पर संयुक्त वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। सत्ता के मद में चूर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने संविधान की धारा 352 का दुरुपयोग कर देश पर आपातकाल थोप दिया था, जिससे लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों का गला घोंट दिया गया।

भाजपा नेता तुषार साहू ने कहा कि 21 माह तक चले आपातकाल के दौरान देश में भय और दमन का वातावरण निर्मित कर दिया गया था। लाखों नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लगा दी गई तथा विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को जेलों में डाल दिया गया। यह कालखंड भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर किया गया सबसे बड़ा प्रहार था। तुषार ने कहा कि लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की आवाज, विचारों की स्वतंत्रता और संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान है। किंतु, कांग्रेस ने सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का कार्य किया। आपातकाल इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस की राजनीति में लोकतंत्र और संविधान से अधिक महत्व सत्ता को दिया गया।



उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख सहित हजारों लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान के कारण देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना संभव हो सकी।

इन महान विभूतियों का संघर्ष भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। तुषार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपातकाल की विभीषिका को स्मरण करते हुए लोकतंत्र, संविधान और नागरिक स्वतंत्रताओं की रक्षा के लिए सदैव संकल्पित है। आपातकाल की 51वीं बरसी पर पार्टी लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए देशवासियों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव जागरूक रहने का आह्वान करती है। आपातकाल केवल इतिहास की एक घटना नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने का संदेश है।